Title: Need to improve the mobile phone services operated by B.S.N.L.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : अध्यक्ष महोदय, यह निश्चित है कि बीएसएनएल आज पूरे भारतवर्ष में फैल चुका है और जब से बीएसएनएल ग्राम स्तर पर उपभोक्ताओं से जुड़ा है, उपभोक्ता अन्य फोन्स की अपेक्षा इसे ज्यादा पसन्द कर रहे हैं। लेकिन इसमें कुछ कमियाँ हैं जैसे कि बात करते-करत अचानक फोन कट जाना और आपस में बात करते समय दूसरों की बातें सुनाई देना आदि। ये बहुत गंभीर समस्याएं है। महोदय, हमारे इटावा लोकसभा क्षेत्र में पांच हजार ‘कनेक्शन दिए गए हैं। इटावा टेलीफोन एक्सचेंज की कैपेसिटी मात्र पांच हजार कनेक्शन्स की है। कई उपभोक्ता कनेक्शन पानै के लिए परेशान हैं। ‘मैंने इसके लिए कई बार कंप्लट की है। आज मैं आपके माध्यम से सरकार से अनरोध करना चाहता हूँ कि बीएसएनएल की कैपेसिटी को बढ़ाया जाए तथा जो शिकायत और कमियाँ हैं, उनम सुधार किया जाए। इसके साथ ही मैं अनरोध करूंगा कि इटावा टेलीफोन एक्सचेंज की कैपेसिटी को पांच हजार से बढ़ाकर दस हजार कनेक्शन कर दी जाए और औरैया एक्सचेंज की कैपेसिटी को भी बढ़ाया जाए।